**गणगौर महोत्सव** मयूर, कालबेलिया नृत्य, बहुरुपिया कलाकार रहे आकर्षण का केन्द्र

# शाही लवाजमे संग निकली गणगौर माता की सवारी






**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

छोटी काशी में गणगौर का पर्व सोमवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्यटन विभाग की ओर से शाही लवाजमे के साथ गणगौर माता की सवारी निकाली गई। गणगौर माता की पारंपरिक शाही सवारी चार हाथी, 12 घोड़े, 6 सजे धजे ऊंट, दो विक्टोरिया बग्गी के लवाजमे के साथ जैसे ही त्रिपोलिया गेट से निकली तो सामने खड़े हजारों श्रद्धालुओं ने जयकारों से त्रिपोलिया बाजार को गूंजायमान कर दिया। जयकारों और पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं ने गणगौर माता का अभिवादन किया।

त्रिपोलिया गेट से शुरू हुई गणगौर की सवारी के पूरे रास्ते में महिला, पुरुष और बच्चों में दर्शनों की होड़ मची रही। आगे-आगे राजस्थानी संस्कृति की कला बिखेरते कलाकार, झांझ-मजीरों की धुन और पीछे गणगौर माता की सवारी की अगवानी करता पचरंगा लिए हाथी सवार चला। शहर की चारदीवारी में जहां-जहां से गणगौर की सवारी गुजरी वहां श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। दो मंचों पर ढाई सौ लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।

## गणगौर के अवसर पर पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने सिटी पैलेस में की पूजा-अर्चना




गणगौर के अवसर पर आज सिटी पैलेस स्थित जनाना डयोढ़ी में डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने गणगौर माता की पारंपरिक पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शाही सवारी को लवाजमे के साथ त्रिपोलिया गेट से निकाला गया, जहां हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने भी पूरे रीति-रिवाज के साथ गणगौर माता की पूजा की।

इस अवसर पर महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने सभी को गणगौर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि जयपुर की गणगौर और तीज की सवारी वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध है। इस वर्ष भी हमारा यह प्रयास रहा कि उन सभी ऐतिहासिक तत्वों को जोड़कर इस आयोजन को अधिक भव्य बनाया जाए। पर्यटन विभाग के साथ मिलकर हमारा उद्देश्य है कि इस प्राचीन परंपरा को उसी रूप में जीवित रखा जाए, जैसा यह पीढ़ियों से चली आ रही है। इसके साथ ही राजस्थान के उन विशेष अंगों को सामने लाएं, जो इसे विश्व में अद्वितीय बनाते हैं, और इन्हें कैसे पुनर्जीवित किया जाए। विशेष रूप से, हमारा लक्ष्य युवाओं को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है, ताकि वे इसे समझें और आगे बढ़ाएं। गौरतलब है कि यह उत्सव प्रत्येक वर्ष सिटी पैलेस जयपुर और राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

### देशी-विदेशी पर्यटकों का उमड़ा हुजूम

गणगौर के दर्शन करने और इस नजारे को कैमरे में कैद करने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा। इससे पहले सिटी पैलेस के जनाना ड्योढ़ी में जयपुर के पूर्व राज परिवार की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गणगौर की शाही सवारी को देखने के लिए भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। गणगौर माता की सवारी के स्वागत के लिए बनाए गए तीन स्वागत मंचों पर पुष्प वर्षा और आरती कर स्वागत किया गया। विदेशी सैलानी भी गणगौर माता की सवारी को देखने के लिए पहुंचे। सौ से अधिक लोक कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरी। कलाकारों की ओर से प्रसिद्ध घोड़ी नृत्य कालबेलिया, कठपुतली नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य समेत अन्य प्रस्तुतियां दी गई। मयूर नृत्य, अलगोजावादक, कालबेलिया नृतकों के समूह, बहुरुपिया कलाकार, मांगणियार और तेरहताली की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। लोक कलाकारों ने राजस्थानी विरासत को पेश करते हुए शाही लवाजमे के साथ चले। तोप गाड़ी और सजे-धजे रथों के साथ अलगोजा, गैर, चकरी, लंगा, शहनाई वादन की गूंज के बीच बैंड बाजा, सजे हुए ऊंट, घोड़े और शाही लवाजमा के साथ सुर्ख लाल पोशाक में गणगौर माता पालकी पर सवार होकर त्रिपोलिया गेट से रवाना होकर छोटी चौपड़ गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा पहुंची।

### सवारी का जगह-जगह किया स्वागत

छोटी चौपड़ पर विभिन्न व्यापर मंडलों और संस्थाओं की ओर से गणगौर का जोरदार स्वागत किया गया। चारदीवारी वासियों ने भी सवारी के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। कहीं फूलों की बारिश से तो कहीं डीजे की धुन के साथ सवारी की अगवानी की तो कहीं माता की आरती उतारी गई। पूरे मार्ग में ड्रोन से सवारी पर पुष्प वर्षा की गई। इस बार सरकार की ओर से प्रदेश भर में 200 एलईडी स्क्रीन पर गणगौर महोत्सव के लाइव प्रसारण के दौरान लाखों लोगों ने शाही सवारी को देखा। मंगलवार को बूढ़ी गणगौर की सवारी निकलेगी।

## रूद्रघण्टेश्वरी महाकालिका मंदिर में की घट स्थापना

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** चैत्र नवरात्र पर माता रूद्रघण्टेश्वरी महाकालिका मंदिर में घटस्थापना की गई। घटस्थापना अभिजित बेला में 12:15 पर की गई। इस अवसर



पर माता रुद्रघण्टेश्वरीजी का आलौकिक श्रृंगार किया गया। इस पावन अवसर पर माताजी के भवन में भगवान शिव के 108 नामों से विभूषित 108 रूद्र-घणिका की पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र पर असंख्य भक्तों ने जय माता रूद्रघण्टेश्वरीजी के उद्घोष के साथ मंदिर में दर्शन किए।

## 'मुफ्त बिजली योजना में नए फ्लैट व मकान वालों को भी दिया जाए लाभ'

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी रोमा जैन ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई मुफ्त बिजली योजना के लाभ के लिए सभी वर्गों के साथ नए फ्लैट व मकान खरीदने वालों को भी इस योजना से जोड़ने के लिए आग्रह किया है। लिखे गए पत्र में रोमा जैन ने मुख्यमंत्री को नए फ्लैट व मकान खरीदने वालों को वंचित रखने के लिए राजस्थान की जनता को नए व पुराने कहकर आपस में बांटने का आरोप भी लगाया। पत्र में जन आवास योजना के कई प्रोजेक्ट हाल ही में बने हैं, जिनमें नए लोग बिजली कनेक्शन के नए उपभोक्ता बन रहे हैं, जो कि सरकार की मुफ्त बिजली योजना के लाभ से वंचित रह रहे हैं।

## डीपीटीएल सीजन-5 के पोस्टर का विमोचन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** प्रियंका हॉस्पिटल डिपीटीएल सीजन-5 के पोस्टर का विमोचन राजस्थान सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया व



प्रतियोगिता के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर डीपीटीएल के आयोजन अध्यक्ष डॉ. जयंत सेन, आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव, लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा व डॉ. संजय सिंह शेखावत उपस्थित रहे। लीग पैट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि यह प्रतियोगिता 16 से 20 अप्रैल तक जयपुर के जय क्लब में आयोजित की जाएगी। लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के ऑक्शन रविवार 6 अप्रैल को होटल निर्वाणा पैलेस जयपुर में होंगे।

## तेजाजी की मूर्ति तोड़ने वाले दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर के सांगानेर स्थित प्रताप नगर में लोक देवता वीर तेजाजी की प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद जाट समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। इस निंदनीय कृत्य के विरोध में राजस्थान जाट महासभा के महासचिव मदन चौधरी ने कड़ा रोष व्यक्त किया था और सरकार से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद अब इस मामले में दोषी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, जाट महासभा सहित समाज के लोग अब भी इस मामले में कड़ी सजा और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं। चौधरी ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है।

## ईदगाह पर नमाजियों ने एक साथ सजदे में झुकाया सिर

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



ईद उल फितर (मीठी ईद) का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान में सोमवार को ईद-उल-फित्र की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। सूबे के सभी प्रमुख शहरों में सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों का तांता लगा रहा।

राजधानी जयपुर में जामा मस्जिद में 7:30 बजे नमाज अदा की गई। कुछ नमाजी वक्फ संशोधन के विरोध में काली पट्टी बांधकर पहुंचे। इससे पहले रविवार को जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद कमेटी में हिलाल कमेटी की बैठक हुई, जिसमें चांद नजर आने की पुष्टि की गई। इसके बाद ईद की खुशी का माहौल हो गया। सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देना शुरू किया। शहर के ईदगाह पर सुबह की नमाज के लिए रास्ता रोक दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजी ईदगाह पहुंचे और यहां एक साथ सजदे में सिर झुकाकर देश-प्रदेश में अमन-चैन की दुआ की। राजस्थान चीफ काजी और सेंट्रल हिलाल कमेटी के कंवीनर खालिद उस्मानी ने बताया कि देशभर से चांद की तस्दीक की गई, जिसके बाद ईद मनाने की घोषणा हुई। बैठक में शहर मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी, जामा मस्जिद के मुफ्ती सैयद अमजद अली और मुफ्ती सैयद वाजिदुल हसन मौजूद रहे।

**ईदगाह पर दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल :** ईद उल फितर के मौके पर सोमवार सुबह ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज पढ़कर अल्लाह से शांति और खुशहाली की दुआएं की। इस दौरान ईदगाह पर जयपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल कायम की गई। हिन्दू-मुस्लिम एकता सामाजिक समिति जयपुर की ओर से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए ईदगाह पर नमाज अदा करने आए नमाजियों पर फूलों की बारिश की गई। समिति में शामिल हिंदू समुदाय के प्रतिनिधियों ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा की।

**बाजारों में रही रौनक, मस्जिदों में की गई रोशनी :** ईद के मौके पर रविवार को चारदीवारी के बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी। लोगों ने कपड़े, सेवइयां और अन्य सामान खरीदे। शहर की मस्जिदों और दरगाहों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

## आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले चार युवक गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टी-20 आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवकों के कब्जे से तीन लैपटाप,आठ एन्डरॉयड मोबाइल फोन, एक जीओ इन्टरनेट वाईफाई डॉगल व फाईबर नेट उपकरण व डायरी बरामद की हैं।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि गिरफ्तार युवक जूम ऐप के माध्यम से ग्राहकों को ऑनलाइन जोड़कर क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन चल रहे भाव के आधार पर अंकों से रुपए दाव पर लगाकर टीमों की हार-जीत पर सट्टा खिलवाते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ



करने मे जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टी-20 आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले हरीश हेमनानी (35) निवासी प्रताप नगर, अनिल चौधरी (25), संजय चौधरी (31) निवासी पारोली जिला भीलवाड़ा और अजय कुमार मूलचंदानी (43) निवासी वैशाली नगर जयपुर को गिरफ्तार किया। जो जगदम्बा नगर कालोनी में स्थित फ्लैट आईपीएल टी 20 क्रिकेट मैच पर सट्टा चला रहे थे। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश देकर उनके कब्जे से मौके पर ही अवैध सट्टा उपकरण 3 लैपटॉप, 8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक जिओ कंपनी का इंटरनेट वाईफाई डोंगल व जीओ फाइबर उपकरण, एक नोटबुक जब्त की है। थानाधिकारी महावीर सिंह यादव ने बताया कि आरोपितों से पूछताछ में सामने आया है कि आईपीएल क्रिकेट टी-20 मैच 2025 में ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए वह अपने ग्राहकों को जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन जोड़ते हैं तथा क्रिकेट मैच पर चल रहे ऑनलाइन सट्टे के भाव उपलब्ध करवाते हैं। इसके बाद ग्राहक अपनी-अपनी टीमों पर अंकों में भाव लगाते हैं, जिसके आधार पर हार-जीत होने पर यह लोग नकद राशि ग्राहकों से लेते व देते हैं।

## मेडिकल एसोसिएशन की नवकार्यकारिणी का गठन



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** 2025 से 2027 जेएमए की नवकार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव रविवार को संपन्न हुए। चुनाव में तीन पदों पर निर्वाचन हुआ। सचिव पद पर डॉ. अनुरोग तोमर, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. गीता आहूजा और डॉ. राजकुमार हर्षवाल और कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. केके कमलेश शांडिल्य भारी मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से जीते।

डॉ. जगदीश मोदी अध्यक्ष, डॉ. नलिन जोशी प्रेसिडेंट (इलेक्ट) और डॉ. अनुराग शर्मा एवं डॉ. अभिनव शर्मा उपाध्यक्ष (इलेक्ट) पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। मतदान में बहुत उत्साह से इंडियन मेडिकल एसोएिशन जयपुर ब्रांच जेएमए के सदस्यों ने खूब अधिक संख्या में भाग लिया। इलेक्शन कमीशन के सदस्य डॉ. जगदीश शर्मा, डॉ. राजीव तांबी और डॉ. गिरीश चौहान ने निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की। अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी ने कहा कि आईएमए की परंपरा का निर्वहन करते हुए विभिन्न मुद्दों पर जयपुर ब्रांच सरकार और चिकित्सकों के बीच सेतु का कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की लंबित समस्याओं को सरकार के समक्ष रख कर उनके निवारण हेतु चिकित्सकों का पक्ष प्रस्तुत करेंगे।